प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रभारी सचिव आज से अपने–अपने जिलों के दौरे पर रहेंगे। वे वहां पानी और बिजली की आपूर्ति तथा उपलब्धता की समीक्षा करेंगे। सभी सचिव वहां रात्रि विश्राम करने के साथ ही रात्रि चौपाल भी आयोजित करेंगे। वे हीट वेव और मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। खाद्य पदार्थों में मिलावट और अवधिपार उत्पादों की स्थिति की समीक्षा, मॉनसून से पहले जल संरक्षण, बारिश का पानी इकट्ठा करने और अन्य इंतजाम का भी वे अवलोकन करेंगे।

00000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और तेज लू का दौर आज भी जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में फलौदी 49 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। बाडमेर में 49 दशमलव 3, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, धौलपुर, कोटा, पिलानी, वनस्थली, फतेहपुर और करौली में तापमान 48 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं 20 शहरों में पारा 46 डिग्री सैल्सियस से ऊपर मापा गया। राजधानी जयपुर में कल इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां दिन का तापमान 46 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

दिन के साथ रात में भी तापमान में बढोतरी होने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा 35 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान कोटा में दर्ज हुआ।

लगभग सभी स्थानों पर रात का तापमान 30 से 35 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी का ये दौर अभी बना रहेगा। विभाग ने आज 10 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में ये गर्मी का पीक है। कल से इसमें धीरे–धीरे कमी आने की संभावना है। इस बीच राज्य में भीषण गर्मी से जनता को राहत देने के लिए प्रशासन के साथ विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाएं लगातार सहयोग कर रही है। जयपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन ऑफिस के बाहर ठण्डे पेय पदार्थ वितरित किये जा रहे है। ग्लूकोज, नींबू पानी और शर्बत पिलाकर राहगीरों का गरमी से बचाव किया जा रहा है। वहीं बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए कुछ संस्थाओं की ओर से आज निःशुल्क ठंडी छाछ का वितरण किया गया । जैसलमेर में पक्षियों के लिए भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा परिण्डे लगाए जा रहे हैं। जयपुर ग्रामीण जिले के बस्सी उपजिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए।

00000

महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जयंती पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वीर सावरकर ने मातृभूमि की सेवा में अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। वे देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी वीर सावरकर को नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि स्वभाषा, स्वभूषा और स्वदेश के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले स्वातंत्र्य वीर का त्याग और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को ध्रुवतारे के समान दिशा दिखाती रहेगी।

00000

भरतपुर के पथैना सड़क मार्ग पर आज ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार बालिका की मौत हो गई। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये दोनो आपस में रिश्तेदार है और बरौलीछार गांव जा रही थी। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

00000

राजस्थान ललित कला अकादमी राज्य के विभिन्न अंचलों में लुप्त हो रही कलाओं को बनाये रखने के लिए तथा लोगों को इन कलाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से अगले महीने से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी। अकादमी की प्रशासक डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि बूंदी शैली के लिये समसामयिक

कला दीर्घा कोटां में, फड पेंटिंग के लिये भीलवाडा में, टेराकोटा मृण कला के लिये उदयपुर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे।

00000